दिनांकः 22 फरवरी, 2025 अपराह्न 03:00 बजे प्रो० फाल्गुनी गुप्ता, मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में आनलाइन माध्यम से सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर के प्रशासकीय परिषद की 18वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० फाल्गुनी गुप्ता,<br>पूर्व निदेशक,<br>नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्निकल टीचर्स,<br>ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च, कोलकाता। | अध्यक्ष,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। |
| 2. | डा० अविनाश कृष्ण सिंह,<br>महानिदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ। | प्रतिनिधि सदस्य,<br>प्रमुख सचिव/उपाध्यक्ष,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। |
| 3. | श्री गजेन्द्र सिंह,<br>अपर निदेशक,<br>कोषागार,<br>अयोध्या मण्डल, अयोध्या। | प्रतिनिधि सदस्य,<br>सचिव वित्त विभाग, उ०प्र० शासन। |
| 4. | प्रो० जय प्रकाश पाण्डेय, कुलपति,<br>डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो० एम०एम० गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो० अनिल कुमार सचान,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | प्रो० एस०पी० चैरसिया,<br>केमिकल इंजी० विभाग,<br>मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो० कुमार वैभव श्रीवास्तव,<br>विद्युत अभियन्त्रण विभाग,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर। | सदस्य |

9. प्रो० विशाल सिंह चन्देल, सदस्य
विभागाध्यक्ष,
अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर।

10. प्रो० जी० नलनकिल्ली, सदस्य-सचिव
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर।

अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके -

1. निदेशक, सदस्य
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
विकास नगर, कानपुर।

2. निदेशक, सदस्य
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर।

3. निदेशक, सदस्य
मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
इलाहाबाद, प्रयागराज।

4. प्रो० एस०एन० त्रिपाठी, सदस्य
सिविल इंजी० विभाग,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर।

5. प्रो० बी०के० कनौजिया, सदस्य
निदेशक,
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर।

सर्वप्रथम सदस्य-सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष, एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**18:01 दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 17वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न 17वीं बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त के अवलोकनोपरान्त प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।



P Gupta

**18:02 दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 17वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न 17वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान करते हुए कतिपय बिन्दुओं पर निम्नलिखित निर्देश दिये:-

**13:13 पुस्तकालय में TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय का प्रकरण।**

पुस्तकालय में TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय के प्रकरण पर छात्र एवं संस्थान हित में पुस्तकों का उपयोग अति आवश्यक होने के कारण प्रशासकीय परिषद द्वारा पुस्तकों के भुगतान के लिए बजट आवंटन कराने हेतु आगामी वित्त समिति की बैठक में संस्तुति हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। तदोपरान्त प्रकरण को प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने एवं संबंधित शिक्षकों/कर्मचारियों को चेतावनी पत्र जारी करने के साथ ही 02 वर्ष तक किसी भी क्रय प्रक्रिया में शामिल न किये जाने के निर्देश दिये गये।

**16:04 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देश दिया गया कि संस्थान में विशिष्ट घटक योजना (Special Component Plan) के स्थान पर सामान्य आरक्षण नियमों के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु शासन से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुये यथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।

**16:16 संस्थान के अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु नियम निर्धारण पर विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान के अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति निर्धारण के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा उ०प्र० राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली (2011, 2014, 2016, 2021) को अंगीकृत किये जाने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रकरण पर पुनः शासन से पत्राचार करने एवं उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

**16:30 (अ) वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के अवशेष वेतन भुगतान के सम्बंध में।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देश दिया गया कि संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्मिकों के पूर्व के अवशेष वेतन भुगतान तथा EPF एवं ESIC को कर्मचारियों के खाते में जमा कराये जाने के सम्बन्ध में जनपद के श्रम अधिकारी एवं EPF कमिश्नर से पत्राचार करते हुये इस आशय का मार्गदर्शन प्राप्त किया जाय कि क्या संस्थान कर्मचारियों के खाते में EPF एवं ESIC की धनराशि सीधे जमा कर सकता है? साथ ही उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति की बैठक में मार्गदर्शन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करते हुये वेतन भुगतान हेतु बजट आवंटन कराने के निर्देश दिये गये।



P Gupta

**17:12 दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 16वीं बैठक के पश्चात संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया-कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान में संचालित टेस्टिंग एवं कन्सलटेन्सी के सम्बन्ध में टेस्टिंग एवं कन्सलटेन्सी नियमों के निर्धारण हेतु मा० कुलपति, ए०के०टी०यू०, लखनऊ द्वारा गठित समिति से समन्वय स्थापित करते हुए समिति की बैठक एक माह के अन्दर कराते हुए समिति आख्या मा० कुलपति, ए०के०टी०यू०, लखनऊ से अनुमोदनोपरान्त आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

**17:32 संस्थान के कुछ शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में पूर्व निदेशक द्वारा की गयी प्रतिकूल टिप्पणी के क्रम में परिषद से विचार एवं निर्देश।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रकरण के नियमानुसार निस्तारण हेतु सुधारात्मक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति आख्या को अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत कर प्रत्यावेदनों पर निर्णय लेने हेतु मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया गया।

**18:03 दिनांकः 09 मई, 2024 को सम्पन्न संस्थान के वित्त समिति की 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद दिनांकः 09 मई, 2024 को सम्पन्न संस्थान के वित्त समिति की 16वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान करते हुए कतिपय बिन्दुओं (12:02:14 एवं 13:02:20) में निर्देश दिये गये कि जाँच अधिकारी द्वारा जारी आरोप पत्र का कार्योत्तर अनुमोदन अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद से प्राप्त करते हुए प्रकरण को आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**18:04 संस्थान की आडिटेड बैलेन्स शीट, वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान की आडिटेड बैलेन्स शीट वित्तीय वर्ष 2023-24 से अवगत हुई एवं संस्थान से आबद्ध चार्टर्ड एकाउटेंट के माध्यम से नियमित आधार पर संस्थान में उपस्थित होकर सत्यापन करने के निर्देश दिये गये।

**18:05 प्रशासकीय परिषद में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद में राज्य सरकार द्वारा प्रो० अनिल कुमार सचान, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज एवं प्रो० कुमार वैभव श्रीवास्तव, विद्युत अभियन्त्रण विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के नामांकन से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**18:06 निदेशक पद हेतु प्राप्त आवेदनों के लिये स्क्रीनिंग कमेटी के गठन पर विचार एवं अनुमोदन।**

निदेशक पद हेतु प्राप्त आवेदनों के लिये गठित स्क्रीनिंग कमेट की सूचना तथा स्क्रीनिंग रिपोर्ट से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया एवं स्क्रीनिंग रिपोर्ट में Not Eligible पाये गये candidates को सूचित करते हुये Representation/Objection प्राप्त करने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।

**18:07 निदेशक पद के चयन हेतु चयन समिति गठन के सम्बन्ध में ।**



P Gupta

निदेशक पद के चयन हेतु संस्थान की सोसाइटी रूल्स (वायलाज) में चयन समिति गठन के सम्बन्ध में कोई प्राविधान न होने के कारण विगत वर्षों में भी AICTE के गजट नोटिफिकेशन दिनांकः 1 मार्च, 2019 में प्राविधानित व्यवस्थानुसार ही चयन समिति का गठन किया गया है, तद्नुसार अद्यतन चयन में भी उक्त प्राविधानित व्यवस्था का अनुपालन किये जाने पर मत स्थिर किया गया तथा चयन समिति गठित किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया गया।

**18:08 संस्थान के नियमित शिक्षकों के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत पदोन्नति की सूचना एवं स्क्रीनिंग समिति के गठन का अनुमोदन।**

संस्थान के नियमित शिक्षकों के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत पदोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में स्क्रीनिंग समिति के गठन किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया गया।

**18:09 संस्थान के नियमित शिक्षकों के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत पदोन्नति हेतु चयन समिति के गठन का अनुमोदन।**

संस्थान के नियमित शिक्षकों के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत पदोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में चयन समिति के गठन किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया गया।

**18:10 डा० पुनीत जोशी, सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग द्वारा त्यागपत्र दिये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।**

डा० पुनीत जोशी, सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग, द्वारा त्यागपत्र दिये जाने की सूचना एवं उनके त्यागपत्र को संस्थान के निदेशक द्वारा दिनांकः 04 जुलाई, 2024 से स्वीकार किये जाने के प्रकरण से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18:11 श्री विकास पटेल, सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग का सेवा स्थानान्तरण के आधार पर उप परीक्षा नियन्त्रक के पद पर डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में चयन की सूचना एवं अनुमोदन।**

श्री विकास पटेल, सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग, के सेवा स्थानान्तरण के आधार पर डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ में उप परीक्षा नियन्त्रक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 03 वर्ष (तीन वर्ष) की अवधि के लिए सेवा स्थानान्तरण की सूचना से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**18:12 शैक्षिक सत्र 2024-25 से 2026-27 के लिये नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन (NBA) नई दिल्ली द्वारा प्रत्यायन विस्तारित किये जाने की सूचना।**

नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन (NBA) नई दिल्ली द्वारा संस्थान के विद्युत अभियन्त्रण विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को आगामी तीन वर्षों, शैक्षिक सत्र 2024-25 से 2026-27 (दिनांकः 30 जून, 2027 तक) के लिए प्रत्यायन विस्तारित किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

**18:13 शैक्षिक सत्र 2024-25 से 2026-27 के लिये डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विष्वविद्यालय लखनऊ द्वारा सम्बद्धता की सूचना।**

संस्थान को डॉ०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 से 2026-27 के लिये अस्थाई सम्बद्धता की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

**18:14 संस्थान में नियमित शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रायोजित परियोजनाओं (Sponsored Projects) से सम्बन्धित नियमावली पर विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान के पूर्व अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदित विभिन्न प्रायोजित परियोजनाओं के सुगम संचालन हेतु प्रारूप (Draft) नियमावली पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान करते हुये निर्देश दिया कि प्रारूप पर किसी अधिवक्ता के द्वारा विधिक राय लेते हुये यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रायोजित परियोजनाओं की प्रारूप (Draft) नियमावली एवं सोसाइटी रूल्स (बायलाज) में टकराव (conflict) न हो।

**18:15 दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 17वीं बैठक के पश्चात् संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया-कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

दिनांकः 05 मार्च, 2024 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 17वीं बैठक के पश्चात संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया-कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

**18:16 संस्थान में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, गोण्डा के संचालन की सूचना।**

संस्थान में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, गोण्डा के संचालन की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

**18:17 मा० उच्च न्यायालय प्रयागराज (खण्डपीठ-लखनऊ) में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद मा० उच्च न्यायालय प्रयागराज (खण्डपीठ-लखनऊ) में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति की सूचना से अवगत हुई एवं संस्थान के समस्त लंबित वादों से संबंधित अधिवक्ताओं से विधिक राय लेते हुये वादों की प्रभावी पैरवी किये जाने के निर्देश दिये गये।

**18:18 अधिवक्ता आबद्ध किये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।**

श्री अखिलेश सिंह, अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ खण्डपीठ को रिट याचिका सं०: 7166(एस/एस) /2021 डा० अखण्ड प्रताप सिंह बनाम स्टेट आफ यू०पी० द्वारा प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, के निस्तारण हेतु आबद्ध किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**18:19 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

P Gupta

**18:19:01 प्रशासकीय परिषद में सदस्य के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद में सदस्य के रूप में संस्थान के वरिष्ठतम आचार्य, डा० विशाल सिंह चन्देल, विभागाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग के नामांकन के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

| | |
|---|---|
| (डा० जी० नलनकिल्ली)<br>निदेशक/सदस्य-सचिव<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | (प्रो० फाल्गुनी गुप्ता)<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। |